ENCEPHALITIS SOCIETY
*The brain inflammation charity*

# दिमागी बुखार (एन्सेफलाइटिस) क्या होता है?

## प्रमुख तथ्य

- एन्सेफलाइटिस दिमाग की ऐसी सूजन (शोथ) होती है जो दिमाग पर किसी संक्रमण के कारण या प्रतिरक्षा प्रणाली के इस पर गलती से हुए हमले से पैदा होती है। कुछ मामलों में व्यापक टेस्टिंग के बावजूद इसका कोई विशिष्ट कारण नहीं मिलता है।
- कारणों और उपस्थिति (अक्सर नाटकीय) की विविधताएं इस स्थिति के प्रबंधन को एक चुनौती बना सकती हैं और इस बीमारी के गंभीर चरण के दौरान लोग गहन रूप से बीमार हो सकते हैं। हालांकि, शुरुआत में पता लगाने और समय से उपचार करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं।
- अस्पताल में भर्ती होने की अवधि कुछ दिनों से लेकर कुछ हफ्तों की हो सकती है और कुछ मामलों में महीने भी लग सकते हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले, मूल्यांकन, रेफरल और घर वापसी की योजना का तैयार होना जरूरी होता है।
- एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में एन्सेफलाइटिस के प्रभाव बहुत भिन्न होते हैं और एक अच्छी रिकवरी से लेकर दिमाग पर हुई मामूली चोट या कुछ मामलों में अधिक महत्वपूर्ण और जीवन को बदल देने वाली विकलांगता तक इसके प्रभावों में शामिल हो सकते हैं। विचार करने के कौशलों, भावनाओं, व्यवहार और शारीरिक गतिविधियों में भी बदलाव हो सकते हैं। कुछ परेशानियाँ छोटी, छिपी या पहचानने में कठिन हो सकती हैं, और आपके घर वापस लौटने तक शायद यह स्पष्ट रूप से दिखाई ना दें, लेकिन इसके बावजूद यह दैनिक जीवन को प्रभावित कर सकती हैं।
- शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में हमारे दिमाग को किसी चोट से उबरने में अधिक समय लगता है। आराम करना, अपनी गतिविधियों के बीच पर्याप्त समय देना, और एक नियमित दिनचर्या का होना एवं पिछली गतिविधियों, काम और शिक्षा पर क्रमिक वापसी करना पुरजोर रूप से अनुशंसित है।
- परिणामों में बेहतरी के लिए समय से पुनर्वास हासिल करना महत्वपूर्ण होता है।
- एन्सेफलाइटिस सारे परिवार को प्रभावित कर सकता है। यदि आप एन्सेफलाइटिस से प्रभावित किसी व्यक्ति की देखभाल करते/करती हैं, तो याद रखें कि आपकी अपनी जरूरतें भी महत्वपूर्ण हैं।

# Encephalitis Society

## आपकी मदद कैसे कर सकती है?



**Encephalitis Society दुनिया का एकमात्र संगठन है जो**

- एन्सेफलाइटिस से प्रभावित लोगों, उनके परिवारों और देखभाल करने वालों को फोन, ईमेल, Zoom, ऑनलाइन चैट के माध्यम से जानकारी और मदद प्रदान करता है
- एन्सेफलाइटिस और इसके प्रभावों के बारे में अधिक जानने के लिए व्यक्तिगत और डिजिटल कार्यक्रम प्रदान करता है
- समान अनुभव वाले लोगों को कनेक्ट करता है
- एन्सेफलाइटिस के अनुभवों की वास्तविक जीवन की कथाएं साझा करता है
- आभासी सहायता समूहों का आयोजन करता है
- एन्सेफलाइटिस, रिकवरी और पुनर्वास के बारे में ऑनलाइन जानकारी का भंडार रखता है
- एन्सेफलाइटिस के बारे में अधिक जागरूकता के लिए अभियान चलाता है



### आप दुनिया में चाहे कहीं भी हों हम आपकी मदद के लिए उपलब्ध हैं।

हमारी वेबसाइट पर जाएं **www.encephalitis.info**

अभी संपर्क करें

**+44(0)1653 699599**

**support@encephalitis.info**

**हमसे सोशल मीडिया पर जुड़ें**

- @encephalitis
- /encephalitissociety
- The_Encephalitis_Society_
- /company/the-encephalitis-society
- Youtube.com/EncephalitisSociety
- /EncephalitisSociety

**निम्नलिखित पते पर हमारे जीवन-रक्षक, पुरस्कार-विजेता कार्य में सहयोग किया सकता है**

**www.encephalitis.info/donate**

कॉपीराइट © 2022 Encephalitis Society
Encephalitis Society, Encephalitis Support Group का ऑपरेटिंग नाम है
इंग्लैंड और वेल्स में पंजीकृत चैरिटी नंबर 1087843, स्कॉटलैंड में पंजीकृत चैरिटी नंबर SC048210,
इंग्लैंड और वेल्स में पंजीकृत धर्मार्थ कंपनी नंबर 04189027

ENCEPHALITIS SOCIETY
*The brain inflammation charity*